महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

A State University-Government of Uttar Pradesh; NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified


पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि. / सम्बद्धता / 2025 / 1502-9 दिनांक : 20.06.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / प्रबन्धक / सचिव,
समस्त सम्बद्ध–राजकीय / संघटक / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषय– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) / नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना, बरेली के संलग्न पत्रांक : 284 / जे.आर.के. / टैबलेट–2025, दिनांक 10.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के माध्यम से अवगत कराया गया है कि टैबलेट / स्मार्टफोन का वितरण किये जाने हेतु समस्त शैक्षिक संस्थान के प्राचार्य इत्यादि को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिसमें अधिकांश शैक्षिक संस्थान के नोडल अधिकारियों का स्थानान्तरण होने या पटल परिवर्तन होने के कारण डिजीशक्ति पोर्टल पर उनका नाम एवं मोबाईल नम्बर अभी भी अंकित चला आ रहा है जिस कारण उक्त योजना के अन्तर्गत सूचनाओं का आदान–प्रदान करने में समस्या होती है।

अतः उक्त के क्रम में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में जिन नोडल अधिकारियों का स्थानान्तरण या पटल परिवर्तन हो गया है, उनके स्थान पर नवांगतुक अधिकारियों का नाम / पदनाम एवं उनका मोबाईल नम्बर अधोहस्ताक्षरी को अतिशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे कि उक्त योजना के अन्तर्गत प्रसारित होने वाली सूचनाओं का आदान–प्रदान सुचारू रूप से हो सके।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।
2. उप कुलसचिव (प्रशासन / सम्बद्धता)।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
4. निजी सचिव–कुलपति।
5. नोडल अधिकारी / प्रभारी, डिजीशक्ति पोर्टल।
6. प्रभारी, वेबसाईट।
7. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

पंजी कृत

2695

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, बरेली।

पत्रांक 284 /जे.आर.के./टैबलेट–2025 दिनांक 10.06.2025

विषय :– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के संबंध में।

नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन)/
समस्त शैक्षिक संस्थान
जनपद–बरेली।

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध मे अवगत कराना है कि टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किये जाने हेतु समस्त शैक्षिक संस्थान के प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य इत्यादि को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान मे आया है कि अधिकांश शैक्षिक संस्थान के नोडल अधिकारियों का स्थानान्तरण होने या पटल परिवर्तन होने के कारण डिजीशक्ति पोर्टल पर उनका नाम एवं मोबाईल नम्बर अभी भी अंकित चला आ रहा है जिस कारण उक्त योजना के अन्तर्गत सूचनाओं का आदान–प्रदान करने में समस्या उत्पन्न होती है।

अतः समस्त शैक्षिक संस्थान के प्रधानाचार्य/प्रबन्धक/नोडल अधिकारियों से अपेक्षा है कि जिन नोडल अधिकारियों का स्थानान्तरण या पटल परिवर्तन हो गया है तथा उनके स्थान पर नवागंतुक अधिकारियों का नाम/पदनाम एवं उनका मोबाईल नम्बर सम्बन्धित विश्वविद्यालय को भेजकर डिजीशक्ति पोर्टल पर परिवर्तित कराने के साथ–साथ उक्त पत्र की एक प्रतिलिपि हस्ताक्षरित को पृष्ठांकित करने का कष्ट करें, जिससे उक्त योजना के अन्तर्गत प्रसारित होने वाले सूचनाओं का आदान–प्रदान सुचारू रूप से हो सके।

10.06.2025

अपर जिला मजिस्ट्रेट(नगर)/नोडल अधिकारी,
स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना
बरेली।

पत्रांक एवं दिनांकित उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नांकित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त के संबंध मे सम्बन्धित शैक्षिक संस्थान से सूचना प्राप्त कर संकलित सूचना सम्बन्धित विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

1– नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन)/क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, बरेली।
2– नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन)/प्रधानाचार्य, जी.टी.आई., बरेली।
3– नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन)/प्रधानाचार्य, आई.टी.आई., बरेली।

अपर जिला मजिस्ट्रेट(नगर)/नोडल अधिकारी
स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना
बरेली।

Sh. Prasenjit 18.6.25

D.R. Adam
Sh. Ravindra Gautam 17/06/25

कुलसचिव

कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली

पृष्ठांकन– क्षे.का.ब./1249-55/2025–26 दिनांक 12/6/25

प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त निजी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय, जनपद बरेली को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें । प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है ।
2. कुलसचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को उक्त कार्यवाही हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें ।
3. प्रो0 संध्या सक्सेना, प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, भदपुरा, नवाबगंज, बरेली (नोडल अधिकारी टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम– जनपद बरेली) को तत्काल आवश्यक अनुश्रवण हेतु प्रेषित ।

प्रो0(डॉ0 सन्ध्या रानी शाक्य)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली